**प्रेस विज्ञप्ति**

# गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रौद्योगिक महाविद्यालय को 5जी लैब की गई एवार्ड

पन्तनगर। 27 अक्टूबर 2023। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा इंडिया मोबाईल कांग्रेस 2023 के उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिक महाविद्यालय सहित देश भर के 100 तकनीकी शिक्षण संस्थानों को 5जी यूज केस लैब एवार्ड की गयी। यह कार्यक्रम दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित किया गया जिसमें माननीय दूरसंचार मंत्री, भारत सरकार के साथ ही टेलीकॉल इंडस्ट्री से जुड़े हुए प्रमुख उद्योगपति, श्री आकाश एम अम्बानी, श्री सुनील भारती मित्तल एवं श्री कुमार मंगलम बिरला सहित अन्य र्स्टाटअप से जुड़ें अनेकों गणमान्य व्यक्ति छात्र आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रौद्योगिक महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन लाईव टेलीकास्ट की व्यवस्था गांधी हॉल में की गयी। कार्यक्रम में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, कार्यवाहक अधिष्ठाता डा. लोकेश वार्ष्णेय, नोडल अधिकारी 5जी यूज केस लैब डा. संजय माथुर एवं प्रौद्योगिक महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राएं, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य तथा शिक्षणेत्तर कर्मी सहित लगभग 1000 से अधिक संख्या में उपस्थिति रहें। आनलाईन लाईव प्रसारण की व्यवस्था विश्वविद्यालय के डा. के.एन. शुक्ला सेंटर कम्प्यूटिंग फैसेलिटी (के.एन.सी.सी.एफ.) एवं बी.एस.एन.एल. के सहयोग से की गयी थी।

भारत सरकार की 5जी टेक्नोलॉजी को देश की प्रगति में व्यापक तरीके से प्रयोग करते हुए अभिनव प्रयोगों तथा आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु देश भर के 100 चुनिंदा प्रौद्योगिकी महाविद्यालयों में, जिनमें आई.आई.टी. एवं एन.आई.टी. भी सम्मिलित हैं, अनुमानित रू. 60 लाख की लागत से एक 5जी 'यूज केस' लैब की स्थापना की जा रही है। इस लैब की स्थापना से छात्रों के शिक्षण–प्रशिक्षण के साथ ही नवीनतम तकनीकों के विकास एवं नवाचार प्रयोगों में उल्लेखनीय प्रगति होगी। साथ ही विभिन्न उद्योगों को अपने ऐसे उपकरण जिनको 5जी तकनीक की आवश्यकता पड़ती हो, के परीक्षण एवं विकास में सहायता मिलेगी। इसकी स्थापना हेतु समस्त उपकरण तथा तकनीकी विशेषज्ञता दूर संचार विभाग, भारत सरकार के टीसीआईएल इकाई द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी तथा अगले 04 वर्ष के लिए संचालन व्यय भी दूरसंचार विभाग द्वारा ही वहन किया जाएगा। लैब की स्थापना से महाविद्यालय के विभिन्न विभागों को नवीनतम तकनीकी का लाभ मिलने के साथ ही साथ 5जी तकनीक को कृषि उपकरणों में आई.ओ.टी., मशीन लर्निंग, आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस आदि के प्रयोग को बढ़ावा देते हुए नवीनतम तकनीकों का विकास किया जा सकेगा।




*प्रधानमंत्री जी द्वारा इंडिया मोबाईल कांग्रेस 2023 का लाइव प्रसारण देखते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।*

**निदेशक संचार**